हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 5 मई 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान

अधिकतम 22.2 डिग्री

न्यूनतम 19.2 डिग्री





फ्लड नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

## आवेदन में संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करें

# शिविर में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बताया की प्रदेश स्तरीय सुशासन तिहार का आयोजन 1 मई से 10 जून तक आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर के विभिन्न जनपद पंचायतों के 31 एवं नगरीय निकाय के 5 कुल 36 क्लस्टरों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा, एसडीएम जशपुर श्री विश्वास राव मस्के और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारीयों को शिविर में उपस्थित होकर लोगों की प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

- जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर से पूर्व सुबह पाली में स्वच्छता श्रमदान, जल संरक्षण संवर्धन के कार्य और युवाओं के लिए खेल प्रतियोगिता होगा आयोजित

शिविर में आयुष्मान कार्ड, श्रम पंजीकरण, अपार आईडी, बिजली की समस्या, पानी की समस्याओं का भी समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है उनका प्राथमिकता से कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग को लोगों का स्वास्थ्य जांच करके निःशुल्क दवाईयां देने के लिए कहा। कलेक्टर ने केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को देने के दिए निर्देश। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग को गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करने और पोषण आहार के संबंध में जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। समाज कल्याण विभाग को दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए हैं कि सुशासन शिविर से पहले संबंधित गांव में स्वच्छता श्रमदान,जल संरक्षण संवर्धन के कार्य और युवाओं के लिए सुबह खेल प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। स्वच्छता श्रमदान में जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने नगरीय निकाय के शिविर में सुबह के पाली में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त आवेदनों में संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करें ताकि उनको आवेदन निराकरण की सही जानकारी समय पर उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर ने अधिकारियो को निर्देश दिए हैं इस दौरान आश्रम स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, उचित मूल्य दुकान , स्वास्थ्य केंद्र आदि का भी निरीक्षण कर लें और जो वहां पर समस्या है उसका भी समाधान गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदन का निराकरण होने पर हितग्राहियों का फोटो और विडियो अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं ताकि उसका व्यापक प्रचार प्रचार किया जा सके।

## आज खूंटीटोली में लगेगा शिविर

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों के 31 एवं नगरीय निकायों के 5 कुल 36 क्लस्टरों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहला शिविर 5 मई को कांसाबेल क्षेत्र के ग्राम पंचायत खूंटीटोली में आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्राम टांगरगांव, हथगड़ा, बरजोर, नरियरडांड, पुसरा, फरसाजुड़वाईन, खुंटीटोली, चेटबा , सूजीबहार, ढुढरूडांड, जुमईकेला, छेराघोघरा एवं केनाडांड के ग्रामीणजन अपनी समस्याओं एवं मागों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक अपने आवेदन लिखित रूप में शिविरों में प्रस्तुत करेंगे, जिनका निराकरण अधिकतम 1 माह के भीतर किया जाएगा। यह पहल प्रशासन को आमजन के और अधिक निकट लाने तथा समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बनेगी। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निवास क्षेत्र के संबंधित शिविर में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उनकी समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर रोहित व्यास ने सुशासन तिहार के सुचारू संचालन के लिए नोडल एवं विभागीय अधिकारियों को विभिन्न दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए है। जिला प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार आगामी शिविर कुनकुरी जनपद क्षेत्र अंतर्गत फरसाकानी में 6 मई, बोडोकछार में 13 मई तथा कलीबा में 21 मई 2026 को आयोजित होगा। बगीचा जनपद क्षेत्र में नन्हेसर में 7 मई को, महुआ में 12 मई, पंडरापाठ में 15 मई, कुरडेग में 19 मई, टांगरडीह में 22 मई, सरबकोम्बो-आश्रम बाजारडांड में 27 मई तथा महुवाडीह में 29 मई को आयोजित होगा। दुलदुला क्षेत्र में सिमडा में शिविर 7 मई तथा कस्तुरा में 14 मई को आयोजित होगा। मनोरा क्षेत्र में खरसोता में शिविर 8 मई, रेमने में 15 मई तथा टेम्पू में 25 मई को आयोजित किया जाएगा। पत्थलगांव क्षेत्र में किलकिला में शिविर 8 मई, घरजियाबथान में 15 मई, राजाआमा में 22 मई, पालीडीह में 26 मई तथा कोकियाखार में 29 मई को आयोजित होगा। इसी प्रकार फरसाबहार क्षेत्र में बनगांव में शिविर 7 मई, बाबूसाजबहार में 15 मई, भेलवा में 21 मई तथा अमडीहा में 27 मई को आयोजित होगा। जशपुर जनपद क्षेत्र में जामटोली में शिविर 11 मई, बड़ाकरौंजा में 18 मई तथा बोकी में 25 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। कांसाबेल क्षेत्र में चोंगरीबहार में 13 मई तथा कुसुमताल में 20 मई 2026 को शिविर आयोजित किए जाएंगे।

- ग्रामीणों की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान
- शिविर में 13 गांवों के ग्रामीण होंगे शामिल

### नगरीय निकायों में भी शिविर

इसके अंतर्गत नगर पालिका पत्थलगांव में 9 मई, नगर पंचायत कुनकुरी में 11 मई, नगर पालिका जशपुर में 12 मई तथा 13 मई को नगर पंचायत बगीचा एवं नगर पंचायत कोतबा में शिविर लगाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा आज, व्यापमं ने जारी किए दिशा-निर्देश

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 07 मई 2026 को आयोजित होने वाली पीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। जशपुर जिले में परीक्षा शासकीय राभरा एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर में पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 01.15 बजे तक होगी। जशपुर में कुल 118 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पहले अपने परीक्षा केंद्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें, ताकि परीक्षा दिवस पर कोई असुविधा न हो। परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम '2 घंटे पहले' परीक्षा केंद्र में पहुंचें। फ्रिस्किंग और फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जाएगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पहले मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद प्रवेश नहीं मिलेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आएं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी और गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े वर्जित हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। अतिरिक्त सुरक्षा जांच के बाद ही पोशाक की अनुमति मिलेगी। केवल चप्पल पहनकर आना होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई होगी और अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी। परीक्षार्थी केवल 'काले या नीले बॉल पाइंट पेन' लेकर आना होगा।

### पत्नी गई मायके तो नाराज पति ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अंबिकापुर।** एक युवक ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। युवक को गम्भीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवक पत्नी के मायके जाने से दुखी था। फिलहाल मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कोटेया निवासी 26 वर्षीय मोंटेश्वर कुमार पैकर आ. शंकर राम अपनी मां व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहता था। युवक की मां सुमित्रा के अनुसार मोंटेश्वर की पत्नी एक माह से अपने मायके बेलगांव में रह रही थी। इस बीच 1 की दोपहर जब महिला घर में बर्तन धो रही थी तो उसके पुत्र मोंटेश्वर ने एक गिलास लाकर मां को धोने के लिए दिया लेकिन कुछ समय बाद उसने उल्टी करना शुरू कर दिया। युवक के मुंह से कीटनाशक का गंध आ रहा था। जब मां ने पूछताछ की तो युवक ने कीटनाशक पीने की बात कही। युवक को उपचार के लिए आनन फानन में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां 2 मई को देर रात मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है।

## पत्थलगांव-कुनकुरी सड़क मरम्मत के काम में आएगी तेजी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सख्त निर्देशों के बाद पत्थलगांव से कुनकुरी के बीच अपूर्ण सड़क भाग के मरम्मत कार्य में अब तेजी आएगी। विगत दिवस बलरामपुर में आयोजित सरगुजा संभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस सड़क की खराब स्थिति और मरम्मत में हो रही देरी पर नाराजगी जताई थी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा था कि अपूर्ण सड़क के कारण आमजन को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए इस मार्ग का शीघ्र सुधार अत्यंत आवश्यक है। इसके बाद विभागीय स्तर पर त्वरित कार्रवाई शुरू करते हुए मरम्मत कार्य को प्राथमिकता में रखा गया है। शासन के प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी पत्र अनुसार पत्थलगांव–कुनकुरी मार्ग के अपूर्ण भाग के मरम्मत हेतु पूर्व में प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। मरम्मत कार्य को जोनल एजेंसी के माध्यम से शीघ्र शुरू किया जाएगा। यदि जोनल एजेंसी उपलब्ध नहीं होती है, तो संबंधित संभागों के प्रचलित अनुबंध के अंतर्गत भी कार्य संपादित किया जा सकेगा। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता अंबिकापुर को निर्देशित किया गया है कि वे मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक अपना मुख्यालय कुनकुरी में स्थापित करें, ताकि कार्यों की सतत निगरानी और त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न हो। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस कार्य को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया है कि सड़क मरम्मत में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस पहल से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि बरसात के दौरान संभावित बाधाओं से भी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद तेज हुई यह कार्रवाई क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत साबित होगी और लंबे समय से लंबित इस सड़क सुधार कार्य को अब गति मिलेगी।

- बैठक में जताई नाराजगी के बाद त्वरित कार्रवाई

## नाराज़ पत्नी ने खुद और 5 साल के बेटे को पिलाया जहर

**जशपुरनगर।** जिले के तुमला थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने दर्दनाक रूप ले लिया। पति के बारात जाने को लेकर हुए विवाद के बाद पत्नी ने पहले खुद कीटनाशक पी लिया और फिर अपने 5 वर्षीय बेटे को भी जहर पिला दिया। इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई, जबकि मां की हालत गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम जोरंडाझरिया निवासी ईश्वर यादव उम्र 29 वर्ष अपने दोस्त की बारात में जाने की तैयारी कर रहा था। उसकी पत्नी सुलोचनी उसे बारात जाने से मना कर रही थी, लेकिन पति के नहीं मानने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसके बावजूद ईश्वर बारात में चला गया। इसी बात से नाराज होकर सुलोचनी ने गुस्से में कमरे में जाकर कीटनाशक का सेवन कर लिया। साथ ही उसने अपने गोद में मौजूद 5 वर्षीय बेटे आदित्य यादव को भी जहर पिला दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन दोनों को तत्काल इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने दिया धरना




**जशपुरनगर।** गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस सड़कों पर उतर आई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश और जिला कांग्रेस कमेटी के आदेश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण ने सोमवार को जशपुर बस स्टैंड में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बढ़ती महंगाई को लेकर आक्रोश जताया।

पूर्व विधायक विनय भगत ने केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का खामियाजा आज देश की जनता भुगत रही है। प्रदर्शन में महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष (शहर) प्यारी कुजूर, ब्लॉक अध्यक्ष( ग्रामीण) अमित महतो, ब्लॉक अध्यक्ष (शहर )सतीश गुप्ता, सहस्त्रांशु पाठक, बृजमोहन पाड़े, एजलीना केरकेट्टा, कल्पना लकड़ा, मोनिका गुप्ता, संजय राम, महादेव राम, सन्नी गुप्ता, संजय लकड़ा, कलेश्वर महतो, संदीप राम, शकुंतला भगत, कांति रानी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण 31 तक

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) की तैयारी हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए जारी अधिसूचना के तहत 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। पंजीकृत अभ्यर्थियों की ऑनलाइन लिखित परीक्षा 1 से 15 जून के मध्य आयोजित किया जाना संभावित है। इस परीक्षा की तैयारी को सुदृढ़ बनाने के लिए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बलरामपुर द्वारा 1 से 31 मई तक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक पंजीकृत अभ्यर्थी रोजगार विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।







## खबर संक्षेप



### भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**अम्बिकापुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की मासिक बैठक सियान सदन में हुई।बैठक में जिलाध्यक्ष मानिक चंद ने कहा कि आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों के साथ न्याय होगा इसके लिए संगठन राष्ट्रीय स्तर से लेकर राज्य स्तर के पदाधिकारी लगे हैं। सरगुजा में सदस्यता अभियान तेजी से चल रहा है। संभागीय अध्यक्ष गुरचरण सिंह ने बताया कि संभाग के अन्य जिलों में शीघ्र कार्यकारिणी गठित होगी।कोषाध्यक्ष ने आय व्यय की जानकारी साझा की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सोनी एवं प्रांतीय संयोजक अनिल कुमार तिवारी का गमछा पहना कर सममानित किया गया। उपाध्यक्ष प्रदीप सोनी ने शासन से पेंशनरों को उसी दिन पी पी ओ जारी करने एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान करने की मांग की।बैठक में श्रीमती सरिता सिंह, एस एन कुशवाहा, बी सी अग्रवाल, पी सी मेहता, मूरत सिंह, शैलेन्द्र सिंह, के एन चौधरी, एस के सिंह, आर सी सेन, पी आर भगत, चरण सिंह सैनी, चंद्रमणि मिश्रा उपस्थित रहे ।

### सर्व समाज युवा प्रकोष्ठ के दीपक लाल अगिरया जिलाध्यक्ष

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज की बैठक लोक नायक जय प्रकाश वार्ड में हुई जिसमें संगठन के कार्यों एवं संभाग के सभी मंडल एवं जिलों में बैठक कर पदाधिकारियों की नियुक्ति एवं कार्यकारिणी विस्तार पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में दीपक लाल अगरिया को संगठन के युवा प्रकोष्ठ सरगुजा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद यादव, रश्मि जायसवाल, रंजीत सरथी, सुधीर कुमार राणा, संजय यादव, सुनील जायसवाल उपस्थित थे।

### एक महीने में 114 गुमशुदा लोगों को मिलवाया गया अपनों से

**अंबिकापुर।** गुम इंसानों की तलाश हेतु चलाए गए ऑपरेशन तलाश व मुस्कान अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक महीने में ही 114 लोगों को उनके अपनों से मिलवाया है। बता दें कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर गुम इंसानो की तलाश हेतु ऑपरेशन तलाश एवं मुस्कान अभियान की शुरुवात 1 अप्रैल से किया गया है जो पुरे अप्रैल माह चलाया गया है। इस अभियान के तहत डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारियों कों ऑपरेशन तलाश एवं मुस्कान अभियान के तहत अधिक से अधिक संख्या मे गुम इंसानो की पता तलाश कर दस्तायाब कर परिजनों कों सुपुर्द किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में अभियान के थ 1 से 30 अप्रैल तक एक महीने में कुल 114 गुम इंसानो कों खोज निकाला है, जिसमे 80 महिला एवं 20 पुरुष एवं 14 नाबालिग में 2 बालक व 12 बालिका शामिल है। सभी गुम इंसानो कों उनके परिजनों कों सुपुर्द किया गया है, डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा के दिशा निर्देशन मे थाना अंबिकापुर कोतवाली द्वारा 12 गुम इंसान, थाना गांधीनगर 25 गुम इंसान, थाना सीतापुर 3 गुम इंसान, थाना लखनपुर 11 गुम इंसान, थाना उदयपुर 10 गुम इंसान, थाना बतौली 4 गुम इंसान, थाना लुन्ड्रा 7 गुम इंसान, थाना धौरपुर 4 गुम इंसान, थाना दरिमा 13 गुम इंसान, थाना मणीपुर 7 गुम इंसान एवं थाना कमलेश्वरपुर पुलिस टीम द्वारा 4 गुम इंसान बरामद किये गए है, थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा अभी तक सार्वधिक गुम इंसानो की दस्तायाबी की गई है। मुस्कान अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 5 नाबालिग बालिका, थाना गांधीनगर द्वारा 4 नाबालिग बालिका, थाना उदयपुर 1 थाना बतौली द्वारा 1 नाबालिग बालिका, एवं थाना धौरपुर 1, मणिपुर 1 कमलेश्वरपुर द्वारा 1 नाबालिग बालिका कुल 14 नाबालिग बालिका पुलिस टीम द्वारा दस्तायाब किये गए है।

### कलेक्टर से ग्रामीणों ने की पुलिया निर्माण की मांग



बैकुण्ठपुर। कलेक्टर कार्यालय से कुछ ही किमी की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत आमगांव के सेमरपारा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायत देकर पुलिया निर्माण किए जाने की मांग की। ग्रामीण प्रमिला, दुर्गावती, बसंती, नीतू, सुशीला, श्यामकली, चंदन, अजय, लालमन, साहिल आदि ने कलेक्टर को शिकायत देकर मांग की है कि ग्राम पंचायत आमगांव के सेमरपारा में लगभग 20 से 25 घर के परिवार निवास करते हैं और उनके घर के पास बरसात का पानी जमा हो जाता है, जिसके निकासी की कोई साधन नहीं होने कारण लोगों के कच्चे घर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, ऐसे में किसी भी समय कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बरसात के पूर्व ग्राम पंचायत आमगांव के सेमरपारा में पुलिया निर्माण कार्य कराए जाए।

## सीसीटीवी में कैद हुई घटना

# बच्चा वार्ड में घुसकर इंजेक्शन लेकर फरार हो गया अज्ञात युवक, सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कालेज अस्पताल में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। अस्पताल के बच्चा वार्ड में घुसकर एक व्यक्ति नारकोटिक्स इंजेक्शन लेकर फरार हो गया। वार्ड में घुसे व्यक्ति ने खुद को डॉक्टर बताया और मरीज की तबियत खराब होने का हवाला देकर इंजेक्शन उठाकर स्वयं निकल गया। अनाधिकृत रूप से व्यक्ति के वार्ड में घुसने और इंजेक्शन उठाने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इंजेक्शन लेने वाला व्यक्ति वास्तव में चिकित्सक था या कोई अन्य नशेडी जिसे नारकोटिक्स दवा की जरुरत थी। अस्पताल प्रबंधन इस मामले की जांच करने के साथ ही युवक की पहचान करने में जुटा हुआ है।

**खास बात**

- नारकोटिक्स के अंतर्गत आती है उक्त दवा, जांच जारी

बताया जा रहा है कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अंतर्गत संचालित बच्चा वार्ड में 1 मई की दोपर एक अज्ञात व्यक्ति पहुंचा हुआ था। उक्त व्यक्ति ने खुद को डॉक्टर बताते हुए ड्यूटी पर मौजूद नर्स को उसने खुद को निश्चेतना विभाग से डॉक्टर बताते हुए बताया कि आपातकालीन विभाग में एक मरीज की हालत खराब है और उसे एक नारकोटिक्स इंजेक्शन की जरुरत है। व्यक्ति ने नर्स को उक्त इंजेक्शन का नाम बताया लेकिन नियम के अनुसार एक वार्ड से दूसरे वार्ड में दवा मंगाने का काम नर्सिंग स्टाफ का ही होता है इस लिए नर्स ने दवा नहीं होने की बात कहकर देने से मना कर दिया जिसके बाद युवक ने खुद ही वार्ड में मौजूद क्रेडिल से उक्त एक इंजेक्शन को उठा लिया और निकल गया। ड्यूटी पर मौजूद नर्स ने इस घटना की जानकारी प्रबंधन को दी जिसके बाद हड़कंप मच गया। पता चला है कि उक्त व्यक्ति महिला मेडिकल वार्ड में भी गया था लेकिन वहां नर्स ने उक्त इंजेक्शन नहीं होने की बात कहकर उसे वापस भेज दिया। अस्पताल में हुई यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने इसकी जांच शुरू की। संदिग्ध व्यक्ति ने खुद को निश्चेतना विभाग से बताया था लेकिन जब निश्चेतना विभाग से संपर्क किया गया तो पता चला कि ऐसा कोई डॉक्टर है ही नीं और ना ही किसी ने दवा मंगवाई थी।



वार्ड में घूमता संदिग्ध।

**झटका आने पर दी जाती है दवा**

चिकित्सकों के अनुसार उक्त दवा नारकोटिक्स ड्रग है और बिना डॉक्टर की पर्ची के उक्त दवा को नहीं दिया जाता है। इस दवा का उपयोग झटका, मिर्गी जैसे बीमारियों में किया जाता है और इससे नींद भी आती है। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि उक्त व्यक्ति ने किस उद्देश्य से जबरन वार्ड में घुसकर उस इंजेक्शन को लिया है या सच में किसी को इसकी जरूरत थी या फिर नशे के लिए इसका उपयोग किया गया। अधिकारी मामले की जांच कर रहे है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई करने के साथ ही जरुरत पड़ने पर थाने में शिकायत दर्ज कराने की बात कही गई है लेकिन अब तक के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई सामान्य व्यक्ति वार्ड में घुसकर जबरन इंजेक्शन लेकर फरार हो गया।

**चल रही है जांच**

बिना अनुमति वार्ड में घुसकर इंजेक्शन उठाकर ले जाने की घटना संज्ञान में आने के बाद जांच चल रही है। सीसीटीवी में भी व्यक्ति का चेहरा कैद हुआ है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई करने के साथ ही जरूरत पड़ने पर थाने में शिकायत कराई जाएगी।

-डॉ. जेके रेलवानी
अधीक्षक, मेडिकल कालेज अस्पताल



# बारिश से प्रतापपुर बेहाल, आंधी ने जनजीवन किया अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

तपती गर्मी में अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी-तूफान के साथ शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने महज एक घंटे में ही प्रतापपुर क्षेत्र का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं, बिजली की कड़क के साथ हुई बारिश से क्षेत्र तरबतर हो गया है। अचानक हुई बारिश के बाद मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक पानी भर गया। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज आंधी के चलते कई छोटे-बड़े पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे रास्ते अवरुद्ध हो गए। कुछ स्थानों पर बिजली के खंभों और तारों को भी नुकसान पहुंचने की खबर है। दुकानों के सामने लगे बैनर, फ्लेक्स और त्रिपाल हवा में उड़ गए, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा। कई अस्थायी ढांचे भी क्षतिग्रस्त हो गए। बारिश और तूफान का सबसे ज्यादा असर बिजली व्यवस्था पर पड़ा। पूरे क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति बन गई और लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों और नगरवासियों का कहना है कि हर साल बारिश के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन विभाग द्वारा अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ा है। खेतों में लगी मौसमी सब्जियों और अन्य फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। तेज हवाओं के कारण कई फसलें झुक गईं या टूट गईं, जबकि बारिश से खेतों में पानी भर गया। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि पहले से ही मौसम की अनिश्चितता के कारण खेती प्रभावित हो रही है। बारिश के बाद मौसम में अचानक ठंडक आ गई, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली।

- गिरे पेड़, उड़े बैनर-फ्लेक्स, ठप रही बिजली-फसलों को नुकसान से किसानों की बढ़ी चिंता

## मुनाफा कमाने का लालच देकर महिला व्याख्याता से 48 लाख की ठगी

**बिश्रामपुर।** ऑनलाइन ट्रेडिंग में बड़ा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने जयनगर बाजार पारा हाई स्कूल में पदस्थ महिला व्याख्याता से 48 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली।पीड़िता राजे श्री नारायण पत्नी अमरेंद्र नारायण की शिकायत पर बिश्रामपुर थाना में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, व्याख्याता राजेश्री नारायण निवासी बी टाइप ऑफिसर कॉलोनी बिश्रामपुर को सोशल मीडिया के माध्यम से इनवेस्को इंडिया फैनेंशियल रिपोर्ट डिकोडिंग ग्रुप नामक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया,ग्रुप में मौजूद मोबाइल नंबर 8004302391 और 7047248208 के धारकों ने आईपीओ ट्रेडिंग के जरिए अधिक लाभ का लालच दिया और एक लिंक के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अकाउंट खुलवाया। इसके बाद ठगों ने अलग-अलग तिथियों में यूपीआई और आरटीजीएस के जरिए विभिन्न बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराई।दिनांक 6 अप्रैल से 28 अप्रैल 2026 के बीच पीड़िता ने कई किश्तों में कुल 48 लाख रुपये से अधिक रुपये जमा किए,इसके कुछ समय गुजरने बाद जब उन्होंने राशि निकालने का प्रयास किया,तो ठगों ने टैक्स और सर्विस चार्ज के नाम पर और 4 लाख रुपये जमा करने का दबाव बनाया, जिससे उन्हें अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ,पीड़िता ने बताया कि निवेश के लिए उन्होंने अपने पति अमरेंद्र नारायण स्टाफ ऑफिसर पी एंड पी,एसईसीएल सहित अन्य रिश्तेदारों से उधार लेकर पैसे जुटाए थे,घटना के बाद उन्होंने एनसीआरबी पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। बिश्रामपुर पुलिस ने 2 मई 2026 को धारा 318(4), 61(2) बीएनएस और आईटी एक्ट की धारा 66(डी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस ठगी की राशि को होल्ड कराने और आरोपियों की पहचान में जुटी है,गौरतलब है कि जागरूकता अभियानों के बावजूद लोग अधिक मुनाफे के लालच में साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं,बिश्रामपुर क्षेत्र में इतनी बड़ी राशि की ठगी का यह पहला मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है।

## पुनर्विवाह को बढ़ावा देने वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन ने अग्रसेन भवन में आयोजित किया परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा संभाग में सामाजिक समरसता एवं पुनर्विवाह को बढ़ावा देने की दिशा में वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन द्वारा आज 3 मई को वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन विशेष रूप से विधवा, विधुर, तलाकशुदा, निराश्रित, दिव्यांग एवं उम्रदराज महिला एवं पुरुषों के लिए समर्पित रहा, जिससे उन्हें एक सम्मानजनक जीवनसाथी चुनने का अवसर मिल सके।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के ऐसे वर्गों के लिए इस प्रकार का आयोजन अत्यंत सराहनीय है। यह पहल न केवल पुनर्विवाह को प्रोत्साहित करती है, बल्कि समाज में समानता, सम्मान और आत्मविश्वास को भी बढ़ाती है। विशिष्ट अतिथियों में मोहन अग्रवाल एवं राजेश यादव जिला संरक्षक, यादव समाज सूरजपुर भी शामिल है। आयोजन समिति के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने कहा कि समाज के ऐसे वर्ग, जिन्हें किसी कारणवश जीवन में अकेलापन झेलना पड़ता है, उनके लिए यह मंच एक नई उम्मीद है। वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन का उद्देश्य सिर्फ विवाह कराना नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान के साथ जीवन को पुनः स्थापित करना है, कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने मंच के माध्यम से अपना परिचय प्रस्तुत किया, जिससे आपसी संवाद एवं समझ को बढ़ावा मिला। अतिथियों ने इस पहल को समाज में सम्मानजनक पुनर्विवाह एवं समावेशी सोच को सशक्त करने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। शाम तक यहां पर 50 से अधिक लोगों की काउंसलिंग पूर्ण हो चुकी थी, जिसमें 6 परिवारों की आपसी सामंजस्य से नए रिश्ते बन चुके हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में तुलेश्वर जायसवाल, दीनानाथ यादव, दिलीप मिश्रा, साहेब पाठक, शेषनारायण क्षत्रिय, बिंदु प्रसाद गुप्ता, हुकुमसाय राजवाड़े, माधुरी दास, अंजलि चंद्र, मंजू अग्रवाल, थलेश्वर साहू व अन्य सक्रिय रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने मंच के माध्यम से अपना परिचय दिया, जिससे आपसी संवाद एवं समझ को बढ़ावा मिला।




विधायक को स्मृति चिन्ह देते समाज के लोग।

## आध्यात्मिक सशक्तिकरण व्यक्तित्व विकास का साधन

**अम्बिकापुर।** ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा बच्चों के व्यक्तित्व विकास हेतु आयोजित समर कैंप उमंग का शुभारंभ शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा डॉ.दिनेश कुमार झा, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिंसोदिया, रामकृष्ण आश्रम के सचिव स्वामी तन्मयानंद व ब्रह्माकुमारीज संचालिका विद्या दीदी की उपस्थिति में किया गया।

- समर कैंप उमंग का किया गया शुभारंभ

इस अवसर पर भारत सिंह सिसोदिया ने कहा किआज मन, बुद्धि, शरीर और आत्मा इन्हीं चार स्तर पर अपने सुख की कल्पना करते हैं। हमें स्वयं को अपने जीवन के लिए खुद का प्रकाश बनना चाहिए। डॉ. दिनेश कुमार झा ने कहा कि जिस तरह गिटार को पोंछ कर चमकाया जाता है एवं उसके तार को व्यवस्थित किया जाता है उसी प्रकार जब हम अपने आप को साफ सुथरा, व्यवस्थित रखते हैं तो हमारी कीमत बढ़ जाती है। हमें महान व्यक्तियों से प्रेरणा लेकर स्वयं को भी महान बनना चाहिए। विद्या दीदी ने कहा कि हमें महान व्यक्तियों के जीवन चरित्र सुनकर अपने जीवन को भी महान बनाना है। तनाव में किया गया कार्य हमें कभी भी सफलता नहीं दिला सकता ।समर कैंप का उद्देश्य आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा व्यक्तित्व विकास करना है। जीवन में पर्सनालिटी व गुणों के आधार पर आपका मूल्य गिना जाता है।जब हम इनर पावर पर काम करते हैं तब इनर पर्सनालिटी के साथ बाह्य पर्सनालिटी का विकास स्वतः हो जाता है इसके लिए मन, बुद्धि, संस्कार को सकारात्मक सोच के आधार पर दिव्य बनाना है। दिव्यता के आधार पर ही दिव्य संस्कार उत्पन्न किया जा सकता है यह अच्छे संस्कार ही हमें हर जगह सफलता दिला सकते है।स्वामी तन्मयानंद ने कहा कि कभी किसी को भी कष्ट नहीं देना है, सुख देने की प्रवृत्ति हमारे अंदर हो सबके प्रति सहानुभूति रख मददगार बनना चाहिए। अपना काम स्वयं करना चाहिए। ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ, बैच और तिलक लगाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीके प्रतिमा बहन ने किया।




## एमबीबीएस डॉक्टर बनने सरगुजा में 4763 ने दी नीट यूजी की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को एमबीबीएस सीटों में प्रवेश हेतु नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की गई। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के लिए 12 केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा ली गई। नीट यूजी की परीक्षा में शामिल होने अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। परीक्षा में संभाग भर से 4763 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 176 अनुपस्थित रहे।

बता दें कि नीट यूजी के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार को संभाग मुख्यालय में किया गया। एमबीबीएस की सीटों में प्रवेश के लिए आयोजित इस परीक्षा हेतु संभाग मुख्यालय में कुल 12 केंद्र बनाए गए थे। इसके साथ ही इस परीक्षा के लिए कुल 4939 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था। नीट की परीक्षा हेतु एनटीए व जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से ही परीक्षा केंद्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। सुबह से ही परीक्षा केन्द्रों के बाद अभ्यर्थियों को मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। परीक्षा के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति हेतु फिंगरप्रिंट और फोटो लिए गए। वहीं परीक्षा हेतु ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया था जबकि मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और वॉलेट, बेल्ट, हैंडबैग पूरी तरह प्रतिबंधित थे। इस दौरान अभ्यर्थियों को कड़ी जांच के बाद परिसर में प्रवेश दिया गया। नीट यूजी की परीक्षा शहर के मल्टी परपज स्कूल, कन्या उमावि, पीजी कॉलेज, पोलिटेक्निक कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय, पुलिस लाइन स्कूल, नगर पालिका निगम स्कूल, कन्या उमावि मणिपुर, राजमोहिनी देवी एग्रीकल्चर कॉलेज, पीएम श्री नवोदय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच ली गई। इस दौरान नकल प्रकरण को रोकने के लिए टीम का गठन किया गया था।

## कॉलोनी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने से बनी ब्लैक आउट की स्थिति

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में शनिवार की दोपहर एक छोटी-सी तकनीकी खराबी ने बड़ा संकट खड़ा कर दिया। एकता स्टेडियम के समीप स्थित विद्युत सब स्टेशन में लगे 4 एमबीए ट्रांसफॉर्मर के अचानक ठप्प पड़ते ही आधा दर्जन कॉलोनियां अंधेरे में डूब गईं।

तेज गर्मी के बीच बिजली गुल होते ही लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई और पूरी रात बेचैनी में बीती। बताया जा रहा है कि दोपहर बाद अचानक ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी आई, जिसके बाद टूए कॉलोनी, डीएमक्यू कॉलोनी, रेस्क्यू कॉलोनी अंबेडकर चौक, टूबी, टूसी और बी-टाइप कॉलोनी की बिजली आपूर्ति एक झटके में बंद हो गई। शुरुआत में लोगों को उम्मीद थी कि कुछ ही घंटों में सप्लाई बहाल हो जाएगी, लेकिन जैसे-जैसे शाम ढलती गई, हालात बिगड़ते चले गए। बिजली गुल होने के साथ ही पंखे, कूलर, एसी और पानी की मोटरें बंद हो गईं। उमस भरी गर्मी में घरों के अंदर रहना मुश्किल हो गया। कई परिवार छतों और घरों के बाहर सड़कों पर टहलते नजर आए। अंधेरे के कारण कॉलोनियों में पेयजल संकट भी गहरा गया था।घटना की जानकारी मिलते ही एसईसीएल के विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इंजीनियरों और कर्मचारियों ने खराब ट्रांसफॉर्मर को सुधारने की कोशिश की, लेकिन समस्या जटिल होने के कारण तत्काल समाधान नहीं मिल सका,ज्ञात हो कि करीब 24 घंटे की मशक्कत के बाद रविवार को राहत की खबर आई। विभाग ने 5 एमबीए ट्रांसफॉर्मर से अस्थायी कनेक्शन जोड़कर दोपहर बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है।हालांकि राहत मिलने के बावजूद स्थानीय लोगों में व्यवस्था को लेकर नाराजगी भी देखने को मिली। उनका कहना है कि बार-बार ट्रांसफॉर्मर में खराबी आना और बैकअप की कमी बड़ी समस्या है। लोगों ने मांग की है कि क्षेत्र में स्थायी और मजबूत वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## एक पखवाड़े तक जल संकट से रहेगी राहत

# मूसलाधार बारिश के बाद लौटी सूखी कनहर नदी की धारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद सूख चुकी कनहर नदी की धारा फिर लौट आई है। नदी में पानी भरने से क्षेत्रवासियों को भारी राहत मिली है। कनहर नदी में पानी भरने से नगरपालिका परिषद के अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली है।

इस बार अप्रैल के प्रथम सप्ताह में ही कनहर की धार सूखकर पतली हो गई थी। दूसरे सप्ताह में नदी पूरी तरह सूख गई जिससे पेयजल के लिए पूरे नगर में समस्या हो गई। पेयजल संकट को देखते हुए नपा परिषद ने नदी की रेत में आनन-फानन में जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर रेत से रिसे पानी को फिल्टर प्लांट में स्वच्छ कर घर-घर आपूर्ति कर रही थी। गर्मी बढ़ने पर पानी की मांग भी बढ़ने लगी। इधर गड्ढे में आवश्यकता के अनुरूप पानी जमा नहीं होने पर परिषद को पोकलेन की मदद से गड्ढे की गहराई बढ़ाने के साथ ही पोखरी का स्वरूप देना पड़ा। परिषद जल संकट के निराकरण के लिए लगातार बंद पड़े हैण्डपंपों का सुधार कराने के साथ ही संकटग्रस्त क्षेत्रों में टैंकर से पानी की आपूर्ति कर रही थी। स्थिति को देखते हुए नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी काफी चिंतित थे तथा नदी के सूखने के कारण आगामी दो महीने तक भीषण गर्मी में पानी की आपूर्ति के लिए विकल्पों को तलाश रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह नदी का पानी खेतों की सिंचाई के लिए बांधने की सूचना पर परिषद् द्वारा अभियान भी चलाया गया लेकिन खास सहायता नहीं मिल सकी।



कनहर नदी की जल धारा।

**हर साल होती है समस्या**

रामानुजगंज नपा परिषद की 25 हजार की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए दशकों बाद भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो सकी है। प्रारंभ से ही कनहर नदी के पानी से नपा परिषद की बढ़ी आबादी की प्यास बुझाई जा रही है। प्रारंभ में पानी की आपूर्ति में कोई समस्या नहीं हो रही थी लेकिन कनहर नदी पर जगह-जगह सिंचाई बांध का निर्माण कराने के बाद पिछले एक दशक से अधिक समय से गर्मी शुरू होते ही कनहर नदी सूख जा रही है जिससे नगरवासियों को जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है। लम्बे समय से आबादी के अनुकूल नई जल आवर्धन योजना की जरूरत महसूस की जा रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण नई जल आवर्धन योजना की स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

**एनीकट के गेट से रिस रहा पानी:-** पेयजल संकट को लेकर जल संसाधन विभाग एवं प्रशासन कितना गंभीर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पेयजल समस्या के लिए निर्मित एनीकट का गेट वर्षों से खराब हैं।



# 60 की उम्र में किसी पर निर्भर होना नर्क से भी बदतर : माधवन

**नई दिल्ली।** आर माधवन ने बढ़ती उम्र, जीवन की प्लानिंग और तेजी से बदलती दुनिया में रिलेवेंट बने रहने की चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की है। आपके जीवन के पहले 30 साल प्लान्ड होते हैं। अगले 30 साल करियर और परिवार बनाने के बारे में होते हैं। लेकिन, 60 साल की उम्र में एक ठहराव आ जाता है। अगले 30 साल का कोई भविष्य तय नहीं होता। कोई योजना नहीं होती। जब उनसे उनके सबसे बड़े डर के बारे में पूछा गया, तो एक्टर ने खुलकर जवाब दिया। उन्होंने स्वीकार किया, 'मेरा सबसे बड़ा डर किसी पर निर्भर होना है, शारीरिक या आर्थिक रूप से। यह मेरे लिए नरक से भी बदतर है। उन्होंने बुढ़ापे में गरिमा और योगदान के महत्व के बारे में भी बात की।'

## लाइफ Style

# तारा

## कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत को करेंगी रिप्रेजेंट

बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया साल 2026 में अपने पहले कान्स फिल्म फेस्टिवल डेब्यू के लिए तैयार हैं। खबरें हैं कि वो ग्लोबल मंच पर भारत को रिप्रेजेंट करती नजर आएंगी। तारा सुतारिया इन दिनों अपनी फिल्म 'टॉक्सिक को लेकर चर्चा में हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब उन्हें लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। तारा सुतारिया 2026 में 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म टॉक्सिक से पहले तारा 2026 के कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत को रिप्रेजेंट करतीं नजर आने वाली हैं। अपनी आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर बढ़ती एक्साइटमेंट के बीच तारा सुतारिया अपने कॅरियर के एक नए और बड़े दौर में कदम रखने के लिए तैयार नजर आ रही हैं, जो सिर्फ भारतीय फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस 2026 में कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने जा रही हैं, जो उनके ग्लोबल सफर का बड़ा पड़ाव माना जा रहा है। टॉक्सिक से पहले तारा सुतारिया कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में डेब्यू करेंगी और ग्लोबल मंच पर भारत को रिप्रेजेंट करेंगी. टॉक्सिक पहले ही चर्चा में है, और यह डेब्यू उनके करियर के एक बड़े इंटरनेशनल दौर की शुरुआत माना जा रहा है। कान्स डेब्यू को लंबे समय से उन कलाकारों के लिए एक बड़े पड़ाव के तौर पर देखा जाता है, जो इंटरनेशनल पहचान बनाना चाहते हैं, और तारा सुतारिया के लिए यह मौका ऐसे समय पर आया है जब उनके काम के चुनाव लगातार लोगों का ध्यान खींच रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# फ्री कॉन्सर्ट में लाखों लोग हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** वाका वाका फेम इंटरनेशनल सिंगर शकीरा के एक फ्री कॉन्सर्ट में फैंस का मेला लग गया। अनुमान है कि लगभग 20 लाख लोग इस शो में शामिल हुए। सोशल मीडिया पर शकीरा के शो का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। लैटिना पॉप सिंगर शकीरा ने शनिवार रात यानी 2 मई को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में कोपाकबाना बीच पर एक फ्री कॉन्सर्ट किया। फैंस शकीरा के गानों पर थिरकते नजर आए। शकीरा का यह फ्री कॉन्सर्ट रियो डी जेनेरियो के सिटी हॉल की एक पहल का हिस्सा है।



# लॉस एंजिल्स में हुई सिटाडेल 2 की स्क्रीनिंग

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 'सिटाडेल 2' की स्पेशल स्क्रीनिंग में प्रियंका चोपड़ा ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने ब्लैक रंग की खूबसूरत कढ़ाई वाली ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहनी थी। प्रियंका हमेशा की तरह इस बार भी रेड कार्पेट पर बोल्ड और एलिगेंट नजर आईं। 'सिटाडेल 2' की स्पेशल स्क्रीनिंग लॉस एंजिल्स के एजीबीओ स्टूडियो में हुई। प्रियंका के साथ फिल्म के सह-कलाकार स्टैनली टुची और एशले कमिंग्स भी मौजूद थे। स्क्रीनिंग के बाद एक सवाल-जवाब भी रखा गया, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा प्रियंका की ड्रेस की रही। 'सिटाडेल 2' की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान प्रियंका ने ब्लैक ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहनी। इसमें फुल स्लीव्स और हाई नेकलाइन थी। ऊपरी हिस्सा बॉडी-फिट ड्रेस के साथ रहा, जबकि ड्रेस का नीचे हिस्सा ट्रांस्पेरेंट और चमकदार लेस वाली स्कर्ट जैसा है।



# इंटीमेट सीन कम करने की मांग

**मुंबई।** कियारा आडवाणी की आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर एक नई खबर सामने आई है। स्क्रीन पर फिल्म देखने के बाद कियारा ने मेकर्स से कुछ इंटीमेट सीन कम करने या काट देने की मांग की है। यश और कियारा आडवाणी स्टारर 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन अप्स' इन दिनों फिर चर्चा में आ गई है। हाल ही में फिल्म से जुड़ा एक नया विवाद सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। बताया जा रहा है कि फिल्म के ट्रेलर और बोल्ड सीन्स को देखने के बाद कियारा आडवाणी ने इंटीमेट सीन को कम करने की मांग की है। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब फिल्म में बोल्ड सीन्स शूट किए गए थे, तब कियारा को भरोसे के साथ कहा गया था कि इसकी शूटिंग उनके कंफर्ट के हिसाब से ही होगी।



# टोपी खुद पहनो, किसी को पहनाओ नहीं

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच रविवार को सलमान ने अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीत लिया है। इन तस्वीरों के साथ सलमान ने अपने फैंस को एक खास सलाह भी दी है। सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ सलमान ने काम को लेकर सलाह दी है। सलमान ने कैप्शन में लिखा, 'यह किसी भी फील्ड के लिए है। पहले सोच लो, समझ लो, स्पष्ट हो जाओ, फैसला कर लो और सब कुछ भूलकर आगे बढ़ो।' सलमान ने आगे लिखा, 'टोपी से याद आया-टोपी खुद पहनो, किसी को पहनाना नहीं और न किसी को पहनने दो।' सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर इन तस्वीरों को शेयर किया है।

## टीवी मसाला




# डर का नया दौर... खतरों से खेलने आ रहे हैं 12 खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड शो खतरों के खिलाड़ी सबसे पसंदीदा रियलिटी शोज में से एक है। पिछले साल किसी कारण से 15वां सीजन नहीं आ पाया था लेकिन अब आखिरकार नया सीजन नए ट्विस्ट एंड टर्न के साथ लौटकर आ रहा है। इस बार खतरा पहले से भी ज्यादा खतरनाक होने वाला है। काफी दिनों से खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 को लेकर चर्चा हो रही थी। यहां तक कि कुछ कंटेस्टेंट्स हिंट्स के जरिए फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा रहे थे। अब आखिरकार शो की ऑफिशियल कंटेस्टेंट्स लिस्ट सामने आ गई है, साथ ही शो की पहली झलक भी रिवील कर दी गई है। रविवार को खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो गई है, साथ ही सभी खिलाड़ियों के नाम भी जारी कर दिए गए हैं। इस बार शो की टैगलाइन 'डर का नया दौर' रखी गई है। इस बार शो में बिग बॉस सीजन 19 के दो धुरंधर होंगे, जिनका शो में खट्टा-मीठा बॉन्ड रहा और वह फरहाना भट्ट और गौरव खन्ना हैं। फरहाना और गौरव के अलावा खतरों के खिलाड़ी शो में टीवी जगत के कई बड़े धुरंधर खतरों से खेलते हुए नजर आएंगे जिसमें करण वाही, ऋत्विक धनजानी, विशाल सिंह, अविनाश तिवारी, सोशल मीडिया स्टार ओरी, जैस्मिन भसीन, हर्ष गुजराल, अविका गौर, शगुन शर्मा और रुबीना दिलैक हैं। सभी कंटेस्टेंट्स के ग्राफिक वीडियो शेयर किया गया है। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 कब शुरू होगा और इसकी शूटिंग कहां होगी, अभी तक इसको लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## बैटलग्राउंड 2 बना जंग का अखाड़ा

**नई दिल्ली।** हाल ही में मेंटर के तौर पर रियलिटी शो 'बैटलग्राउंड 2' में एक्ट्रेस निक्की तंबोली की एंट्री हुई। इस शो में पहले से ही मेंटर के तौर पर भोजपुरी स्टार खेसारी लाल एक टीम को सपोर्ट कर रहे हैं। रियलिटी शो 'बैटलग्राउंड 2' के अपकमिंग एपिसोड में खेसारी और निक्की तंबोली आपस में भिड़ गए। शो 'बैटलग्राउंड 2' के हालिया रिलीज प्रोमो में खेसारी लाल यादव निक्की तंबोली और उनकी टीम पर गेम में बेईमानी करने का आरोप लगाते दिखे। वह बोले- 'बड़े गिरे हुए लोग हैं।' वह आगे कहते हैं, 'पूरी दुनिया देख रही है, आपका कारनामा।' लेकिन निक्की कहती हैं कि गेम के लिए एक साथ होकर खेलना जरूरी है। खेसारी लाल यादव के अलावा 'बैटलग्राउंड 2' के अन्य मेंटर अभिषेक मल्हान उर्फ फुकरा इंसान ने भी निक्की तंबोली को खरी-खोटी सुनाई। इससे पहले भी निक्की और अभिषेक के बीच झगड़ा हो चुका है, जिसमें निक्की ने अभिषेक को खूब उल्टा-सीधा कहा था। बैटलग्राउंड 2 एक इंडियन फिटनेस रियलिटी शो है।



# एआई से बनी फिल्मों को बड़ा झटका!

## ऑस्कर के नियमों में हुए बदलाव; बढ़ाई गई फिल्म की ये कैटेगरी

**नई दिल्ली।** अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने ऑस्कर के लिए कई बड़े नियमों में बदलाव का ऐलान किया है। इससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल पर क्लैरिटी आई है। ऑस्कर ने खास कैटेगरी में कई बदलाव किए हैं। द हॉलीवुड रिपोर्टर के मुताबिक, अपनी नई घोषणा में, अकादमी ने कहा है कि एआई का इस्तेमाल करके बनाई गई फिल्में अवॉर्ड के योग्य नहीं होंगी। सिर्फ इंसानी अदाकारी वाली फिल्में ही क्वालिफाई होंगी। यह कदम फिल्मों में एआई के इस्तेमाल को लेकर बढ़ते सवालों के बाद उठाया गया है। अकादमी ने यह भी कहा कि राइटिंग कैटेगरी के लिए सिर्फ इंसानों की तरफ से लिखे गए स्क्रीनप्ले पर ही विचार किया जाएगा। उसने यह भी कहा कि वह फिल्ममेकर्स से इस बारे में



और जानकारी मांग सकती है कि उनके प्रोजेक्ट में एआई का इस्तेमाल कैसे किया गया है। इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में अहम बदलाव हुए हैं। पहले, हर देश विचार के लिए सिर्फ एक फिल्म भेज सकता था। अब, फिल्में कान्स, बर्लिन, सनडांस, टोरंटो, वेनिस और बुसान जैसे बड़े ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल में टॉप अवॉर्ड जीतकर भी क्वालीफाई कर सकती हैं। इसका मतलब है कि एक ही देश की एक से ज्यादा फिल्मों को रेस में शामिल होने का मौका मिलेगा। एक और बड़ा बदलाव यह है कि इस कैटेगरी में अवॉर्ड अब देश के बजाय फिल्म के डायरेक्टर को मिलेगा। एक्टिंग कैटेगरी में एक बड़ा बदलाव यह है कि एक्टर अब एक ही कैटेगरी में अलग-अलग परफॉर्मेंस के लिए कई नॉमिनेशन पा सकते हैं। पहले, एक एक्टर की सिर्फ एक परफॉर्मेंस को नॉमिनेट किया जा सकता था।

# लता ने हॉरर थ्रिलर के लिए गाया था कल्ट गाना, भूतनी को दी थी आवाज

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा की मशहूर गायिका के तौर पर लता मंगेशकर को जाना जाता था। बेशक आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा गाए गए एक से बढ़कर एक गीत हर कोई सुनना पसंद करता है। इस बीच हम आपको लता दीदी के एक 64 साल पुराने एक ऐसे सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो उन्होंने एक हॉरर थ्रिलर फिल्म के लिए गाया था। सुरों की कोकिला का ये गीत आज भी कल्ट माना जाता है। साल 1962 में हिंदी सिनेमा की एक चर्चित हॉरर थ्रिलर फिल्म को रिलीज किया



गया था। फिल्म का नाम बीस साल बाद था, जिसमें एक्टर विश्वजीत चटर्जी और अभिनेत्री वहीदा रहमान ने मुख्य भूमिकाओं को अदा किया। इस मूवी की कहानी के साथ-साथ गाने भी काफी चर्चित रहे। जिनमें से एक गाना लता मंगेशकर ने गाया था, जिसके बोल थे- कहीं दीप जले कहीं दिल...।

### हेमंत ने संगीत की धुनों को पिरोया था

इस गाने को बीस साल बाद में भूतनी पर फिल्माया गया था। बेशक ये एक डरावना गाना था, लेकिन लता मंगेशकर ने अपनी मधुर आवाज में जिस तरह से इस गाने को गाया, वह वाकई काफी शानदार रहा। गौर किया जाए इस गीत की मेकिंग की तरफ तो लता के अलावा संगतीकार हेमंत कुमार ने इसमें अपनी संगीत की धुनों को पिरोया था, जबकि गीतकार शकील बदायूनी ने इसके लिरिक्स लिखे थे। इस तरह से बीस साल बाद कहीं दीप जले कहीं दिल... बनकर तैयार हुआ था। रिलीज के 64 साल बाद भी लता दीदी के आवाज में गाया हुआ ये सॉन्ग कालजयी बना हुआ है, जिसे श्रोता आज भी सुनना पसंद करते हैं।

## कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में किया है काम

# 20 साल से बॉलीवुड से लापता है ये स्टार, अब तक नहीं मिला कोई सुराग

### कर्ज और अर्थ फिल्मों से मिली पहचान

राज किरण, जिन्हें मुख्य रूप से कर्ज और 'अर्थ' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जाना जाता है, ने 1970 के दशक के आखिर और 1980 के दशक के दौरान हिंदी सिनेमा में अपनी एक मजबूत जगह बनाई। उन्होंने 1975 में फिल्म कागज की नाव से अपने कॅरियर की शुरुआत की और जल्द ही किस्सा कुर्सी का में नजर आए; यह एक राजनीतिक व्यंग्य फिल्म थी, जिसे आपातकाल के दौरान प्रतिबंधित कर दिया गया था।

### जिंदगी में आया मुश्किल मोड़

1980 के दशक में, राज कई फिल्मों में नजर आए और धीरे-धीरे एक भरोसेमंद एक्टर के तौर पर अपनी पहचान बनाई। लेकिन, 1990 के दशक की शुरुआत तक, उनके कॅरियर में बदलाव आने लगा और उन्हें ज्यादातर सहायक भूमिकाएं मिलने लगीं। 1990 के दशक के मध्य के आस-पास, उन्होंने कुछ समय के लिए फिल्मों से दूरी बना ली, और इसी दौर में उनकी जिंदगी में एक मुश्किल मोड़ आया।

*नई दिल्ली। बॉलीवुड पर जितनी कहानियां पर्दे पर दिखती हैं उससे ज्यादा दिलचस्प कहानियां पर्दे के पीछे की होती हैं। आज हम एक ऐसे एक्टर के बारे में बात करने जा रहे हैं जिन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया और भारतीय सिनेमा का जाना पहचाना चेहरा बने। लेकिन, एक दिन वे सबकुछ छोड़कर चले गए और 20 सालों से ज्यादा होने के बाद आज भी उनका कोई पता नहीं है। एक समय था जब उनका चेहरा पूरे भारत*



*के घरों में जाना-पहचाना लगता था; वे ऐसे अभिनेता थे जिन पर शायद आप तुरंत ध्यान नहीं देते थे, लेकिन फिल्म खत्म होने के काफी समय बाद भी वे आपको किसी न किसी तरह याद रह जाते थे। हम बात कर रहे हैं राज किरण की, जिनकी कहानी एक बिल्कुल ही अलग अंदाज में लोगों के जहन में बसी हुई है... उनकी अदाकारी की वजह से नहीं, बल्कि एक ऐसे रहस्य की वजह से जो पिछले दो दशकों से भी ज्यादा समय से अनसुलझा है।*

### बेटी ने आखिरी बार 2003 में देखा था

परिवार के सदस्यों, सहकर्मियों और यहां तक कि अधिकारियों द्वारा कई कोशिशें किए जाने के बावजूद, 2000 के दशक की शुरुआत से राज किरण का कोई भी पक्का सुराग नहीं मिला है। उनकी बेटी के अनुसार, उन्होंने राज को आखिरी बार 2003 में देखा था। 20 साल से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी यह सवाल बना हुआ है, जिससे एक समय के जाने-पहचाने चेहरे की कहानी बॉलीवुड के सबसे बड़े अनसुलझे रहस्यों में से एक बन गई है।

### जब आश्रम में घुसने की कोशिश में हुई जेल

1996 में, एक रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें बेंगलुरु सेंट्रल जेल में रखा गया था; बताया जाता है कि पुट्टपर्थी साई बाबा आश्रम में बिना इजाजत घुसने की कोशिश करने के बाद उन्होंने वहां लगभग एक महीना बिताया था। डेक्कन हेराल्ड के अनुसार, उन्होंने रात के समय आश्रम परिसर में घुसने की कोशिश में एक ट्रैक्टर और एक सीढ़ी का इंतजाम किया था। बाद में, उनके पिता ने जमानत दिलवाकर उन्हें जेल से बाहर निकलवाया। इसके कुछ ही समय बाद, उन्हें वापस उनके मुंबई वाले घर पर देखा गया, और ऐसी खबरें थीं कि उन्होंने अपने भाई गोविंद के साथ कुछ समय अमेरिका में बिताया था और वापस लौटने की योजना बना रहे थे। हालांकि, इस दौरान उनसे मिलने वाले लोगों के बयानों से पता चलता है कि शायद वे कुछ निजी मुश्किलों से गुजर रहे थे। ये बातें परिवार के सदस्यों और फिल्ममेकर महेश भट्ट के बयानों पर आधारित हैं।

### महेश ने बताई थी उनकी मानसिक स्थिति

महेश भट्ट ने मुंबई के एक मेंटल हेल्थ सेंटर में राज से हुई अपनी मुलाकात की यादें साझा कीं थीं। उन्होंने बताया था कि, ' कई साल पहले, जब वे मसीना अस्पताल के साइकियाट्रिक वार्ड में थे। वे उस राज किरण जैसे बिल्कुल नहीं थे जिनसे मैं पहले मिला था। वे एक उदास और डिप्रेस्ड इंसान लग रहे थे, और उन्होंने बड़ी मुश्किल से मुझसे बात की। अभिनेत्री दीप्ति नवल, जिन्होंने उनके साथ 'हिप हिप हुर्रे' में काम किया था, ने भी 2011 में एक सार्वजनिक अपील की थी। उन्होंने लोगों से राज को ढूंढ़ने में मदद करने का आग्रह किया था, क्योंकि उन्हें पता चला था कि शायद वह न्यूयॉर्क में टैक्सी चला रहे थे।

## खबर संक्षेप

### 36 नाबालिगों को परिजनों से मिलाया

**रायगढ़।** पुलिस ने अप्रैल महीने में 251 गुम इंसानों सहित 36 नाबालिगों को उनके परिजनों से मिलाया। उनकी घर वापसी से कई परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई । पुलिस ने जिले के भीतर ही नहीं बल्कि दूसरे जिलों और दूसरे राज्यों तक पहुंचकर बच्चों और गुम इंसानों को सकुशल वापस लाया। वहीं जिन मामलों में नाबालिगों को बहला-फुसलाकर भगाने या शारीरिक शोषण की पुष्टि हुई, वहां आरोपियों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई भी की गई। बीते दिनों जूटमिल, पूंजीपथरा और कोतवाली पुलिस ने कई मामलों में त्वरित कार्रवाई कर नाबालिगों को सुरक्षित बरामद भी किया। गुम नाबालिगों से जुड़े मामलों में साक्ष्य के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की गई। इस अभियान में सबसे अधिक 42 गुम इंसान की खोज लैलूंगा थाने द्वारा की गई है, जिसमें से एक गुम इंसान को दिल्ली से लाया गया। उसके बाद थाना चक्रधरनगर 29, जूटमिल 27, पूंजीपथरा 24, कोतवाली और पुसौर 23-23, कोतरारोड और भूपदेवपुर 12-12, घरघोड़ा 11, कापू 10, तमनार 9, धरमजयगढ़ 8, खरसिया 7, चौकी खरसिया 4, चौकी जोबी 3, चौकी रैरूमाखुर्द 1 गुम इंसानों को खोज निकला।

### जनचौपाल में दी गई महिला सुरक्षा की जानकारी

**रायगढ़ ।** थाना तमनार क्षेत्र के ग्राम महलोई में पुलिस ने जनचौहान का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस जनचौपाल में महिला सुरक्षा और साइबर सतर्कता पर ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उन्हें जागरूक किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी प्रशांत राव आहेर ने महिला सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिगों और महिलाओं से संबंधित अपराध जैसे छेड़खानी, घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट, मानव तस्करी और अपहरण जैसे मामलों में वर्तमान कानून के तहत कठोर सजा और त्वरित कार्रवाई का प्रावधान है। जनचौपाल में अभिभावकों से बच्चों को अच्छे संस्कार देने और किसी के बहकावे में न आने की अपील की। इसके बारे में गया कि किसी भी महिला पीड़ित को तत्काल पुलिस सहायता और परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को देखते हुए थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को विशेष रूप से सचेत किया। उन्होंने बताया कि मोबाइल या सोशल मीडिया के माध्यम से अज्ञात व्यक्तियों पर भरोसा करना खतरनाक हो सकता है। किसी भी स्थिति में अपनी निजी जानकारी, बैंक डिटेल या ओटीपी साझा न करें और किसी भी अनजान लिंक या लालच भरे ऑफर से दूर रहने की अपील की। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया।

आदेश 05 नियम 20, 1 (क) व्य.प्र. सं. 1908 के तहत प्रकाशन

**न्यायालय द्वितीय अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**

(पीठासीन अधिकारी रुपनारायण पठारे)

सागर महिपाल....आवेदक **विरुद्ध**
मेगमा एच.डी.आई. जनरल इंश्योरेन्स कं. लि. वगै.....अनावेदकगण
दावा प्रकरण क्रमांक 467/2025
पेशी तारीख 19/06/2026
Pro No. 467

**बनाम**

1. संतोष कुमार विश्वकर्मा पिता शंकर राम विश्वकर्मा निवासी बांधनकोना तपकरा थाना जशपुर जिला जशपुर (छ.ग.) पिन न. 496227 (वाहन चालक माजदा क्रमांक सी जी. 08 ए.जे. 6871)

आवेदक सागर महिपाल पिता मिश्रा कुमार महिपाल उम्र 18 वर्ष लगभग निवासी ग्राम नकटीडीह पो.आ. तालदेवरी थाना बिर्रा जिला जॉजगीर चाम्पा (छ.ग.) ने आपके विरुद्ध दिनांक 19/12/2024 को वाहन माजदा क्रमांक सी.जी. 08 ए.जे. 6871 मे दुर्घटना के परिणास्वरुप स्वंय को गंभीर चोट आने पर क्षतिपूर्ति राशि 20,00,000/ (बीस लाख रुपये) प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र धारा 166 मो. यान.अधि. का एक प्रकरण संस्थित की है।

अतः आपको इस अधिकरण मे दिनांक 19/06/2026 को दिन मे 11 बजे आवेदन पत्र के उत्तर देने हेतु उपसंजात होने के लिए नोटिस दिया जाता है एवं आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सभी दस्तावेजो सहित जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा हेतु निर्भर रहना चाहते है को पेश करे।

आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस अधिकरण में उपसंजात नही होगें तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति मे किया जायेगा और यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 19/06/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को किया जावेगा। आज दिनांक 27/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर और अधिकरण की मुद्रा से जारी किया गया।

**(रूपनारायण पठारे)**
**द्वितीय अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**

### पहले दिन खेले गए दो रोमांचक मुकाबले

# फ्लड नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ







हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के के मनोरा विकासखंड मुख्यालय में रविवार को स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन पावन स्मृति में आयोजित फ्लड नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े ही उत्साह, जोश एवं गरिमामय वातावरण में किया गया।

आयोजन स्थल पर शुरुआत से ही उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह नजर आया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत सहित विजय आदित्य सिंह जूदेव, यश-यश प्रताप सिंह जूदेव, शांति भगत, अरविंद भगत, हरिओम द्विवेदी, सत्यप्रकाश तिवारी एवं सुषमा सिंह की उपस्थिति रही। इसके अलावा ग्राम के सम्मानित नागरिकों की बड़ी संख्या में सहभागिता ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क का महत्व बताया। उनके प्रेरणादायक संदेश से खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और जीत का जज्बा देखने को मिला।

**डोड़का चौरा डड़गांव की टीम रही विजयी**

### पहले दिन हुआ रोमांचक मुकाबला

प्रतियोगिता के पहले दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में सन्ना और डोड़का चौरा के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें डोड़का चौरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मुकाबले में डड़गांव और केसरा की टीमें आमने- सामने रहीं, जिसमें डड़गांव ने जीत हासिल कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।पूरे आयोजन में खेल भावना, उत्साह और ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह प्रतियोगिता न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान कर रही है, बल्कि स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन जी के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का प्रेरणादायक प्रयास भी है। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिससे क्षेत्र में खेल के प्रति रुचि और अधिक बढ़ेगी।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जशपुर में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

**जशपुरनगर।** वनांचल एवं अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जिला जशपुर में आमजन को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जा रहा है, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी समय पर प्रभावी उपचार मिल सके। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिले को इसी वर्ष 1 अप्रैल को 23 एम्बुलेंस सेवाएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें 3 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट तथा 20 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस शामिल हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन आमजन के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। सीएम कैम्प कार्यालय बगिया में इलाज के लिए प्राप्त आवेदन पर तत्काल समाधान करते हुए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मितान की टीम द्वारा इलाज के लिए उचित व्यवस्था कराई जाती है। यह हेल्पलाइन आपातकालीन परिस्थितियों में निःशुल्क और त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान कर रही है। पिछले 26 महीनों में लगभग 3,570 मरीजों को चिकित्सकीय सलाह, दवाइयां, अस्पताल में भर्ती, रेफरल सेवा तथा आवश्यकता अनुसार एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है।

# रायगढ़ को पहली बार मिली एपीसी बैठक की मेजबानी

- आज जुटेंगे आला अफसरों के साथ 8 जिले के अधिकारी
- खरीफ सीजन की तैयारी और नवाचार पर होगी मंथन, कई एजेंडों पर होगी चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले को पहली बार एपीसी (कृषि उत्पादन आयुक्त) बैठक की मेजबानी मिली है। इसके पहले यह बैठक संभाग में होती थी। इस बार रायगढ़ का चयन किया गया है। ऐसे में यहां इस बैठक को लेकर जिला प्रशासन समेत कृषि विभाग भारी उत्साहित हैं।

इसकी तैयारी पूरी हो गई है। इसके लिए रविवार को देर शाम तक अधिकारी पहुंच गए हैं । खास बात यह है कि इस बैठक में मंत्रालय समेत 8 जिलों के आलाधिकारियों की मौजूदगी रहेगी। आलाधिकारियों को रायगढ़ जिले के लैलूंगा का प्रसिद्ध केलो जवाफुल चावल के साथ यहां उत्पादित रागी, कोदो-कुटकी समेत अन्य चीजें बतौर भेंट दिया जाएगा। इस बैठक के लिए एजेंडा पहले से ही तय कर दिया गया है।

**इन एजेंडों पर होगी चर्चा**

नवीन उर्वरक वितरण, पीएम किसान, उर्वरकों का वैकल्पिक स्रोत, खरीफ सीजन में जिलेवार उर्वरकों की मांग, भंडारण, और वितरण की प्रस्तुतीकरण, प्राइज सपोर्ट स्कीम, अल्पकालीन लोन, जैव उर्वरक, हरी खाद बीज समेत अन्य एजेंडे शामिल हैं।

# पश्चिम बंगाल की जीत लोकतन्त्र की जीत: भगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने इस जीत को जनसमर्थन का प्रतीक माना है। श्रीमती भगत ने इस प्रचंड जीत को जनता की सेवा का एक अवसर बताया है,साथ ही यह भी कहा है कि अब डबल इंजन की सरकार में यहां चौतरफा विकास किया जायेगा।भाजपा की सरकार में बंगाल में सभी धर्म वर्ग एवं समुदाय के लोगों के लिए लाभकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन और संचालन किया जायेगा। श्रीमती भगत ने इसे 'लोकतंत्र की जीत' बताया और मतदाताओं का धन्यवाद करते हुवे कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक जीत हासिल की है। इस जीत ने राज्य की राजनीति में एक नया मोड़ लाया है। उन्होंने कहा कि यह जीत विकास और सुशासन के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाती है। पार्टी की कार्यशैली को उन्होंने जनसमर्थन का कारण बताते हुए इसे अपने कठिन परिश्रम का फल बताया।



**फूटे पटाखे, बटी मिठाइयां:** पश्चिम बंगाल में 23 व 29 अप्रैल को हुए चुनाव के नतीजे न केवल पूरे देश में हलचल मचाया है बल्कि भाजपा को मिली इस प्रचंड जीत ने जशपुर में जश्न लाहौल बना दिया है।सुबह से ही बीजेपी के सभी कार्यकर्ता बल्कि पदाधिकारियों की नजर पश्चिम बंगाल की जीत पर बनी हुई थी। शाम होते होते ये इंतजार की घड़ी जश्न के बदल गई। शाम के 5 बजते बजते भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी का बस स्टैंड इक्कठा होना शुरू हो गया। पटाखे शुरू हो गए, गुलाल उड़ाने लगे। एक दूदारे को मिठाई खिलाने का सिलसिला शुरू हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं का साथ देने के लिए जैसे माउस भी इंजर कर रहा था,जैसे ही जश्न लाहौल शुरू हुआ आसमान से पानी।की बूंदों ने भी साथ देना शुरू कर दिया। पानी गिरता रहा और जश्न पूरे शबाब पर चढ़ता गया बरसात के ही नाच गाना गैलीलेन का सिलसिला चलता रहा।



### नेशनल लोक अदालत 9 को होगा समस्याओं का निदान

**रायगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के सचिव एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ के निर्देशानुसार आज पैरा लिगल वालिंटियर द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है इस दौरान के तालुका न्यायालय स्तर तक राज़ी नामा योग्य प्रकरणों का आपसी समझौता का निराकरण किया जा रहा है नेशनल लोक अदालत को रायगढ़ जिले में भी तैयारियां तेज से चल रही है। अधिक से अधिक अधिक मामलों का निराकरण के उसका उद्देश्य से पैरा लिगल वालिंटियर द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापक जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है गांवों कस्बों दुरस्त इलाको मे लोगो को जानकारी दीया जा रहा है प्रसारण प्रसारण से जागरूक किया जा रहा है ।

# सुरक्षा को लेकर लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट में मॉक ड्रिल

**रायगढ़।** मजदूर दिवस के अवसर पर जिले की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान ऑक्सीजन भराई के समय लीकेज होने तथा एक ऑपरेटर के घायल होने की स्थिति का परिदृश्य तैयार किया गया। साथ ही कंटेनमेंट, रेस्क्यू, सप्रेशन एवं ऑल क्लियर जैसी पूरी आपातकालीन प्रक्रिया का सफलतापूर्वक अभ्यास किया गया।



इस अभ्यास में सुरक्षा दल, अग्निशमन दल, ऑक्सीजन संयंत्र दल, संयोजन स्टाफ एवं औद्योगिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम शामिल रही। इसी क्रम में संयंत्र परिसर एवं मुख्य द्वार पर श्रमिकों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अन्य औद्योगिक इकाइयों जैसे एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड तथा में भी इसी प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गईं। मजदूर दिवस के अवसर पर सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संयंत्र परिसर में प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, अग्निशमन अभ्यास तथा हृदय-फेफड़ा पुनर्जीवन (सीपीआर) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इन आयोजनों का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना है।

**देहजरी भालूनारा बेरियर के पार ट्रेलर से टकराई कार, खरसिया थाना क्षेत्र का मामला**

# शादी से लौट रहे परिवार के साथ भीषण हादसा, आधा दर्जन घायल

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत देहजरी भालूनारा बेरियर के पास शादी कार्यक्रम से लौट रहे एक परिवार के साथ भीषण हादसा हो गया। उनकी कार और सामने से आ रहे ट्रेलर में टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 7 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खड़गांव और कोईलार का एक परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए लोढ़ाझर जा गया था। जिसके बाद शादी समारोह खत्म होने के बाद वे शनिवार की शाम को वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी बीच खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत देहरजी भालूनारा बेरियर के पास सामने से आ रहे ट्रेलर ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार सड़क से उछल कर दूसरी ओर जा गिरी। इस दुर्घटना के बाद मौके पर अतऊरा तफरी मच गई। वहीं इस हादसे में कार में सवार 7 लोग बुरी तरह से घायल हो गए।



# जनगणना में सुपरवाइजरों की ड्यूटी शहर की सफाई व्यवस्था हो रही बेहाल

**रायगढ़।** जनगणना के तहत मकानों की मार्किंग करने नगर निगम के सफाई सुपरवाइजर व वार्डो के मोहर्रिर सहित कई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके कारण जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग के अभाव में साफ-सफाई से लेकर कई तरह के कार्य लगातार प्रभावित हो रहे हैं। आलम यह है कि वार्डवासियों को अपना काम कराने के लिए कई बार नगर निगम के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। किंतु जनगणना में ड्यूटी लगने की वजह से संबंधित कर्मचारी कार्यालय में बैठ ही नहीं रहे हैं, ऐसे में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में नगर निगम के ज्यादातर कर्मचारी विशेष तौर सफाई सुपरवाइजर और वार्डों के मोहर्रिर को जगणना 2027 के तहत मकानों की मार्किंग करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे में सफाई सुपरवाइजर और वार्ड मोहर्रिर सुबह से ही मकानों की मार्किंग करने के लिए निकल पड़ते हैं। इस कार्य में वे इतने उलझ गए हैं कि उनके पास ना तो कार्यालय में बैठने का समय है और ना ही नगर निगम में अपनी परेशानियां लेकर पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनने और उसका समाधान करने का। ऐसी स्थिति में लोगों के काम हर दिन अटक रहे हैं और लोगों को बार-बार नगर निगम के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि मोहर्रिर के कार्यालय में नहीं बैठने के कारण लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। कई लोग तो ऐसे भी हैं जो दिन भर में दो से तीन बार नगर निगम के चक्कर इसलिए काटने को मजबूर हैं, क्योंकि उनका काम मोहर्रिर के बिना हो ही नहीं सकता और दूसरी ओर वार्ड मोहर्रिर जनगणना कार्य में व्यस्त होने की बात कहते नजर आ रहे हैं। कुछ तो जनगणना तक काम नहीं हो पाने की भी बात कह रहे हैं।



**सिर पर स्वच्छता सर्वेक्षण, सफाई व्यवस्था बेहाल**

सूत्र बताते हैं कि नगर निगम में कार्यरत लगभग सभी सफाई दरोगा व सुपरवाइजर की ड्यूटी जनगणना के तहत मकानों की मार्किंग करने में लगा दी गई है। ऐसी स्थिति में जमीनी स्तर होने वाली वार्डों की साफ-सफाई सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। क्योंकि सफाई सुपरवाइजर मकानों की मार्किंग में उलझे हुए हैं, ऐसे में कई वार्डों की साफ सफाई की मॉनिटरिंग नहीं होने पाने की वजह से गदंगी पसरी हुई है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए टीम पहुंच सकती है, लेकिन इसके लिए नगर निगम की तैयारियां जमीनी स्तर पर नहीं हो पा रही है, क्योंकि अधिकांश सफाई दरोगा व सुपरवाइजर को जनगणना कार्य में झोंक दिया गया है। इसकी वजह से कई जगहों पर सफाई व्यवस्था भी बेपटरी होती जा रही है।

### औद्योगिक इकाइयों में जागरूकता कार्यक्रम

**रायगढ़।** मजदूर दिवस के अवसर पर जिले की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान ऑक्सीजन भराई के समय लीकेज होने तथा एक ऑपरेटर के घायल होने की स्थिति का परिदृश्य तैयार किया गया। इस दौरान कंटेनमेंट, रेस्क्यू, सप्रेशन एवं ऑल क्लियर जैसी पूरी आपातकालीन प्रक्रिया का सफलतापूर्वक अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में सुरक्षा दलए अग्निशमन दलए ऑक्सीजन संयंत्र दल, संयोजन स्टाफ एवं औद्योगिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम शामिल रही। इसी क्रम में संयंत्र परिसर एवं मुख्य द्वार पर श्रमिकों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। औद्योगिक इकाइयों जैसे एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड भी इसी प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गईं। सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संयंत्र परिसर में प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, अग्निशमन अभ्यास तथा हृदय फेफड़ा पुनर्जीवन सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# गृहस्थ आश्रम सबसे बड़ा तप: बाबा प्रियदर्शी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पीठाधीश्वर गौतम राम के अवतरण दिवस पर 55 जोड़ों के विवाह के आयोजन पर बाबा प्रियदर्शी राम ने नव दम्पत्ति हेतु आशीर्वाद देते हुए कहा आप सभी परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम की असीम कृपा प्रातः स्मरणीय परमपूज्य पीठाधीश्वर गौतम राम के अवतरण दिवस के पवित्र अवसर पर परिणय सूत्र में बंधे हैं।

यह आयोजन उत्तर प्रदेश के वाराणसी शिवाला स्थित क्रीम कुंड अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान पर सादगी पूर्ण तरीके से आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। बाबा जी ने विवाह आयोजन के दौरान दिए संदेश में कहा यह संयोग ही परम पिता परमेश्वर का आशीर्वाद है। बाबा जी ने कहा गृहस्थ जीवन को तप, सेवा और साधना का रूप दें। जैसे शिव पार्वती, सीता राम का दाम्पत्य लोक कल्याण हेतु आदर्श बनाए वैसे ही आपका जीवन भी धर्म, प्रेम व कर्तव्य का संगम बने।









